राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने राज्यपाल से की मुलाकात

## विधानसभा चुनाव 2023 के निर्वाचित सदस्यों संबंधित अधिसूचना की प्रति सौंपी

जयपुर, 4 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में भारत निर्वाचन आयोग के प्रमुख सचिव श्री नरेन्द्र एन. बुटोलिया और राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण गुप्ता के नेतृत्व में मिले एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र को उन्होंने इस दौरान राजस्थान विधानसभा चुनावकृ2023 में निर्वाचित 199 सदस्यों के संबंधित दल सहित उनके नाम की अधिसूचना की प्रति सौंपी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन में राजस्थान के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, चुनाव में लगे समस्त कार्मिकों आदि द्वारा चुनाव–प्रक्रिया के शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक निर्वहन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने राजस्थान में गत विधानसभा चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत में हुई बढ़ोतरी के लिए किए गए प्रयासों की भी सराहना की। भारत निर्वाचन आयोग के सचिव श्री अश्विनी मोहाल, अवर सचिव श्री चंद्रप्रकाश और विशेषाधिकारी श्री सुरेशचन्द्र मौजुद रहे। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंद राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

————————

